Re: Need to include the `Sarna Dharma` code in the census column-laid

श्री सुखदेव भगत **(लोहरदगा):** भारत में 12 करोड़ आदिवासी निवास करते हैं । संविधान में धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्वतंत्रता मौलिक अधिकार के तहत् प्रदान की गई है । आदिवासी प्रकृति पूजक होते हैं । जिनकी अपनी धार्मिक आस्था एवं परम्पराएं हैं । विडम्बना तो यह है की एक तरफ जंगली (बाघ, शेर) की गणना होती है किंतु आदिवासियों को धार्मिक पहचान नहीं प्रदान की गई है, जो आदिवासियो के लिए भावनात्मक एवं संवेदनशील है । अतएव सरकार आदिवासियों की धार्मिक पहचान "सरना धर्म" कोड जनगणना कॉलम में प्रदान करे ।